वर्ष-01, अंक-356
छपरा
4 अक्टूबर रविवार
2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## ईरान के तेहरान में निर्वस्त्र होकर घूमने लगी छात्रा

**पुलिस ने हिरासत में पीटा; यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रोटेस्ट में उतारे थे कपड़े**

**तेहरान ,एजेंसी।** ईरान की राजधानी तेहरान में एक छात्रा के निर्वस्त्र होकर घूमने का मामला सामने आया है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक यह घटना शनिवार को तेहरान की आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड रिसर्च में हुई। यहां यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रोटेस्ट में अपने कपड़े उतार दिए।

निर्वस्त्र घूमने के कुछ देर बाद ही ईरानी पुलिस ने छात्रा को हिरासत में ले लिया। ईरानी न्यूजलेटर अमीर कबीर के मुताबिक हिरासत में लेने के दौरान छात्रा के साथ मार-पीट भी हुई। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में छात्रा को यूनिवर्सिटी के आस-पास घूमते हुए देखा जा सकता है।

यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता अमीर महजोब ने X पर पोस्ट कर बताया कि छात्रा की हालत मानसिक तौर पर ठीक नहीं है। वह मानसिक दबाव में है और उसे दिमागी बीमारी है।

## तमिलनाडु में कपल के टॉर्चर से नाबालिग मेड की मौत

**मारपीट के बाद गर्म लोहे और सिगरेट से जलाया, अगले दिन बाथरूम में लाश मिली**

**चेन्नई,एजेन्सी।** तमिलनाडु के अमिंजीकराई में दिवाली के दिन एक कपल के टॉर्चर से उनकी 15 साल की मेड की मौत हो गई।

TOI की रिपोर्ट के मुताबिक, दिवाली के दिन 31 नवंबर को कपल ने तंजावुर की रहने वाली मेड को पीटा, फिर उसे गर्म लोहे और सिगरेट से जलाया। उसे बाथरूम में बंद कर दिया। जैसे ही कपल को पता लगा कि उनके टॉर्चर से लड़की की मौत हो गई है, वे अपने रिश्तेदार के घर चले गए।

अगले दिन 1 नवंबर को कपल ने अपने वकील को घटना के बारे में बताया, जिसके बाद वकील ने पुलिस को सूचना दी और मामला सबके सामने आया। पुलिस ने बताया कि 1 नवंबर को अपार्टमेंट में मेड की लाश मिली। उसके पूरे शरीर में सिगरेट के निशान थे।

**वायनाड में राहुल गांधी बोले-**

# ये संविधान बचाने की लड़ाई; प्रियंका ने कहा- इस सरकार को बस सत्ता चाहिए

**वायनाड ,एजेन्सी।** राहुल गांधी भी वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए प्रचार रण में उतर गए हैं। रविवार को राहुल गांधी ने वायनाड में प्रियंका गांधी के लिए चुनाव प्रचार किया और एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि प्रियंका गांधी आपकी सबसे अच्छी सांसद होंगी।

### राहुल गांधी बोले- प्रियंका सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी

राहुल गांधी ने रविवार को वायनाड में आयोजित रैली के दौरान कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे प्रियंका गांधी जैसी बहन मिली, अब ये आप लोगों की भी खुशकिस्मती होगी कि वे



आपकी भी बहन, मां और बेटी जैसी होंगी। मुझे विश्वास है कि वे आपके लिए सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि आज देश में पहला संघर्ष संविधान की रक्षा और उसके संरक्षण के लिए है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान नफरत से नहीं, बल्कि विनम्रता और प्रेम से लिखा गया है।

**राहुल गांधी ने कहा- ये संविधान को बचाने की लड़ाई** :मनंतावडी में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा, आज देश में मुख्य लड़ाई हमारे देश के संविधान की लड़ाई है। हमें जो सुरक्षा मिलती है, हमारे देश की महानता, सब संविधान से ही आई है। उन्होंने कहा, संविधान गुस्से या नफरत से नहीं लिखा गया था। इसे उन लोगों ने लिखा था जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, जिन लोगों ने कष्ट झेले, जिन्होंने कई साल जेल में बिताए। और उन्होंने संविधान को विनम्रता, प्रेम और स्नेह के साथ लिखा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि यह प्रेम और घृणा के बीच की लड़ाई है।उन्होंने कहा, यह आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई है। और अगर आप वास्तव में इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपने दिल से क्रोध, घृणा को हटाकर और उसकी जगह प्रेम, विनम्रता और करुणा को लाना होगा।

## महायुति विश्वासघाती गठबंधन, किसानों को नजरअंदाज किया गया, कांग्रेस ने महाराष्ट्र सरकार को घेरा



**मुंबई,एजेन्सी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महायुति गठबंधन को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने महायुति को विश्वासघाती गठबंधन बताया। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य के लोग उनके असफल वादों के लिए उन्हें माफ नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में किसानों को सबसे ज्यादा नजरअंदाज किया गया। उनसे किए गए बड़े-बड़े वादों का कोई नतीजा नहीं निकला। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मराठवाड़ा के हर गांव में पाइप से पीने का पानी पहुंचाने के लिए जल ग्रिड बनाने का वादा भी पूरा नहीं हुआ।

**जयराम रमेश ने महायुति सरकार को घेरा** :सोशल मीडिया पिलेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए जयराम रमेश ने महायुति सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में होने वाले चुनाव पर महायुति को लेकर जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने महायुति को विश्वासघाती गठबंधन बताया। उन्होंने कहा, महायुति एक ऐसी सरकार है जो विश्वासघात पर बनी हुई है। यह भरोसे के साथ विश्वासघात, विचारधारा के साथ विश्वासघात और स्वयं महाराष्ट्र के लोगों के साथ विश्वासघात पर बनी है। किसान इनके राज में सबसे ज्यादा उपेक्षित रहे हैं। सरकार ने उन्हें सिर्फ बड़े-बड़े वादे दिए हैं, हासिल कुछ भी नहीं हुआ है। वर्ष 2019 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मराठवाड़ा से एक जल ग्रिड बनाने के लिए 20,000 से 25,000 करोड़ के पैकेज का वादा किया था। कहा गया था कि इससे हर गांव में पाइप से पीने का पानी पहुंचाया जाएगा।उन्होंने आगे कहा, ÷इस साल गर्मियों में इस वादे के पांच साल पूरे हो गए और यह मराठवाड़ा में सबसे अधिक पानी की कमी वाले वर्षों में से एक था। मराठवाड़ा में 600 से अधिक गांव और 178 बस्तियां पीने के पानी की भारी कमी के कारण पानी के टैंकरों पर निर्भर थे ।

## भाजपा के विरोध में उतरी अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके

**कानून व्यवस्था पर भी उठाए सवाल**

**चेन्नई,एजेन्सी।** भाजपा सरकार द्वारा देश में एक साथ चुनाव कराने के कदम के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया। टीवीके ने नीट परीक्षा और वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में प्रस्ताव पारित किया।

**टीवीके ने इन मुद्दों पर जताया विरोध** :टीवीके की बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष विजय दलपति द्वारा की गई। इस बैठक में तमिलनाडु की डीएमके सरकार की भी निंदा की गई। टीवीके का कहना है कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब हो रही है। टीवीके ने शिक्षा को समवर्ती सूची के बजाय राज्य सूची में शामिल



करने की भी मांग की है। टीवीके ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि अगर केंद्र सरकार शिक्षा को राज्य सूची में शामिल करती है, तो राज्य सरकार अपने आप ही हृश्वश्वञ्ज को रद्द कर सकती है। टीवीके ने राज्य की डीएमके सरकार पर तमिलनाडु के लोगों को झूठे वादों के साथ धोखा देने का भी आरोप लगाया।

**टीवीके ने पहले सम्मेलन में जुटाई थी भारी भीड़** :गौरतलब है कि विजय दलपति ने बीते दिनों ही नई पार्टी टीवीके का गठन किया है। टीवीके का पहला सम्मेलन बीते रविवार को आयोजित किया गया। पहले सम्मेलन में भारी भीड़ जुटाकर विजय दलपति ने राजनीतिक पार्टियों के माथे पर पसीना ला दिया है। पार्टी के पहले सम्मेलन में भी विजय ने सत्ताधारी डीएमके पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में बदलाव की जरूरत है। विजय ने कहा कि भाजपा टीवीके की वैचारिक प्रतिद्वंदी है, जबकि डीएमके राजनीतिक विरोधी पार्टी है।

## पीएम मोदी ने की असमिया भाषा गौरव सप्ताह में भाग लेने की अपील, लोगों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने की खुशी में असम में मनाये जा रहे भाषा गौरव सप्ताह की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि, यह आयोजन लोगों और असमिया संस्कृति के बीच संबंध को और गहरा करे। प्रधानमंत्री मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व



सरमा के उस पोस्ट के जवाब में यह बात कही, जिसमें उन्होंने भाषा गौरव सप्ताह मनाएं जाने को लेकर जानकारी साझा की थी।पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि, भाषा गौरव सप्ताह एक उल्लेखनीय प्रयास है, जो असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर लोगों के उत्साह को दर्शाता है। मेरी शुभकामनाएं। सप्ताह भर होने वाले कार्यक्रम लोगों और असमिया संस्कृति के बीच संबंध को और गहरा करें। मैं असम से बाहर के असमिया लोगों से भी इसमें भाग लेने का आग्रह करता हूं। इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने कहा, असम की समृद्ध भाषाई विरासत और असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान करने का एक सप्ताह तक चलने वाला उत्सव भाषा गौरव सप्ताह आज से शुरू हो रहा है।

## सीएम योगी को धमकी देने वाली महिला मुंबई से अरेस्ट

**लिखा था- इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे**



**मुंबई,एजेन्सी।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला का नाम फातिमा खान (24) है। उसने शनिवार को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में मैसेज किया था। लिखा था- अगर योगी ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे। महिला ने ऐसा क्यों किया? इस बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि सूत्रों ने बताया कि महिला संपन्न परिवार से है। काफी पढ़ी-लिखी है। पुलिस ने उसे कहां से गिरफ्तार किया। इसका खुलासा नहीं किया है।दरअसल, शनिवार को मुंबई पुलिस को धमकी भरा मैसेज मिला था। इसके बाद ही मुंबई पुलिस ने यूपी पुलिस को सूचना देने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी।

## चंद्रबाबू नायडू मुस्लिमों के अहित वाले विधेयक नहीं लागू होने देंगे ; संसद सत्र से पहले बोले TDP नेता

**नई दिल्ली** ।18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। जिसमें केंद्र सरकार मुख्य रूप से वक्फ विधेयक को पारित करने का पूरा प्रयास करेगी। इसी बीच रविवार को एनडीए के मुख्य सहयोगी पार्टी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के नेता और आंध्र पदेश इकाई के उपाध्यक्ष नवाब जान का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि सबको मिलकर वक्फ संशोधन विधेयक को पारित होने से रोकना चाहिए। नवाब जान ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम समूह) की ओर से आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ऐसे इंसान हैं, जो मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी विधेयक को पारित नहीं होने देंगे।

**मिशन झारखंड पर अमित शाह ने भरी हुंकार:भ्रष्टाचार घुसपैठ पर भी वार**

# झारखण्ड में बेरोजगारी का जनक हैं हेमंत सोरेन :अमित शाह

**रांची,एजेन्सी।** देश के गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के नरसिंहगढ़ हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी पर भरोसा है तो झारखण्ड में परिवर्तन लाना जरुरी है द्य भाजपा सिर्फ मुख्यमंत्री बदलने के लिए परिवर्तन नहीं चाह रही है, बल्कि झारखण्ड और यहां के आदिवासी, पिछड़ों, दलितों के अस्मिता की रक्षा करनी है द्य उन्होंने कहा कि आदिवासियों का हितैषी होने का दंभ भरने वाले हेमन्त सोरेन के शासकाल में राज्य में आदिवासियों का सबसे अधिक नुकसान हुआ है । झारखण्ड का डेमोग्राफी बदला है द्य आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है और बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ी है ।अमित शाह ने कहा कि झारखण्ड में बेटी - रोटी और भूमि की रक्षा भाजपा ही कर सकती है द्य देश की राष्ट्रपति, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने आदिवासियों



का मान बढ़ाया है द्य इतना ही नहीं, भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थाली पर जाकर उनकी जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया और इस वर्व को जनजातीय गौरव वर्ष मनाया जाएगा ।अमित शाह ने मंच पर उपस्थित घाटशिला के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन बहरागोड़ा के प्रत्याशी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी एवं सरायकेला के प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विजयी बनाने का आह्वान करते हुए उपस्थित जनसमूह से कहा कि इन्हें जीताइये ताकि राज्य में भाजपा की



सरकार बने और सबको हर घर नल जल योजना पहुंच सके । हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि झारखण्ड में बेरोजगारी के जनक हैं हेमंत सोरेन द्य भाजपा की सरकार बनने के बाद पेपर लिक मामले की सी बी आई जांच करवाकर दोषियों को जेल भेजेंगे द्य खाली पड़े 2.87 लाख पदों को सालभर में ही भरेंगे द्य उपस्थित महिलाओं को इंगित करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि प्रत्येक महीना के 11 तारीख को उनके खाते में 21 सौ रूपये पहुंच जाएगा द्य विधवा एवं दिव्यांग के खाता में 25 सौ भेजेगी सरकार ।51 वन उत्पाद को एम एस पी के दायरा में लाने की घोषणा करते हुए उन्होंने धान की खरीदारी 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल करने का वायदा किया ।

**झारखंड में लागू नहीं होने देंगे यूसीसी**

# अमित शाह पर हेमंत सोरेन का तंज, पूछा- बांग्लादेश के पूर्व पीएम को क्यों शरण दी

**गढ़वा,एजेन्सी।** झारखंड के गढ़वा में रविवार को आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने पर केंद्र सरकार को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि सीमा की सुरक्षा आपकी है तो राज्य सरकार कैसे जिम्मेदार है?

सीएम ने कहा कि झारखंड में UCC नहीं लागू करने देंगे। हेमंत सोरेन झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे।

गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए हेमंत ने कहा कि ये जहर उगलने और घर तोड़ने वाले लोग हैं। इन लोगों से बच के रहना है। झारखंड में न UCC और न ही NRC लागू किया जाएगा। यहां सिर्फ सीएनटी और एसपीटी रहेगा।



### मूलवासी को हटाना चाहते हैं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बीजेपी जुमलेबाज है। ये लोग यहां के आदिवासी-मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोगों ने आपके लिए काम करना शुरू किया, तो इन लोगों ने झूठे आरोप में हमे जेल में डाल दिया। बीजेपी वालों को यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित और पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां से मतलब है तो सिर्फ यहां की खनिज-संपदा से है। झारखंड की खनिज-संपदा का 1 लाख 36 हजार करोड़ बकाया केंद्र सरकार नहीं दे रही है।

### बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री को क्यों शरण दे रखा है?

हेमंत सोरेन ने कहा कि ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि देश के प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण कर रहे थे तो संविधान की किताब पर माथा ठेक रहे थे। आप बोल रहे थे कि देश संविधान से चलेगा। कायदे कानून से चलेगा। हर वर्ग, हर समाज को हक मिलेगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि बांग्लादेश के साथ अंदर ही अंदर कोई समझौता है क्या? आज बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का अपने यहां प्लेन उतारने क्यों उतारने दिया? उसे किस आधार पर शरण दे रखा है? बांग्लादेश की सीमा की सुरक्षा किसकी जिम्मेदारी है? भारत सरकार के जिम्मे है। इसमें राज्य सरकार का कोई रोल नहीं। बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले आपके साथी राज्यों से घुसकर आते हैं। वहां घुसपैठ क्यों नहीं रोकते हैं?

## श्रीनगर के संडे मार्केट में ग्रेनेड ब्लास्ट, 12 घायल,उमर बोले- हमलों से परेशान हूं, एक दिन पहले यहीं सेना ने एक आतंकी को मार गिराया था

**श्रीनगर,एजेन्सी** ।जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर के नजदीक संडे मार्केट में रविवार को ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। इसमें 12 लोग घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद हमलावरों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। घायलों की संख्या बढ़ सकती है। श्रीनगर में पिछले 2 सालों में यह दो दिन में दूसरी आतंकी वारदात है। 2 नवंबर को खान्यार इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी मारा गया था। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए। हालांकि इस मुठभेड़ में 4 जवान भी घायल हुए थे। शनिवार को अनंतनाग में भी सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को भी ढेर किया था। एक की पहचान जाहिद राशिद के रूप में हुई। वहीं दूसरा अरबाज अहमद मीर था। दोनों को पाकिस्तान से ट्रेनिंग मिली थी।

# आजादी के सालों बाद भी छकरबंधा में नहीं है मोबाइल टॉवर

## प्रशांत किशोर ने 2 महीने में लगवाने का किया वादा

**दैनिक खोज खबर/इमामगंज(गया)।** बिहार विधानसभा उप-चुनाव को लेकर जन सुराज के सूत्रधार और पार्टी के स्टार प्रचारक प्रशांत किशोर 3 नवंबर को गया के इमामगंज के डुमरिया प्रखंड पहुंचे,जहां उन्होंने छकरबंधा गांव में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की, इस बार वोट आप सभी को अपने- अपने बच्चों के भविष्य को ख्याल में रखकर देना है। वहीं छकरबंधा गांव में 2 महीने में मोबाइल टॉवर लगाने की सौगात भी दे डाली। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां के लोगों से बात कर के पता चला कि आजादी के 75 साल बाद भी इस गांव में अभी तक एक भी मोबाइल टावर नहीं लगा है। गांव की बदहाली और स्थिति को देखते हुए प्रशांत किशोर ने लोगों से वादा किया कि आपको वोट जिसे देना है दीजिए मैं अपने तरफ से आश्वस्त करता हूं कि दो महीने में अपने संसाधन और खर्च पर इस गांव में मोबाइल टॉवर लगवा कर दूंगा। इसी कड़ी में इमामगंज प्रत्याशी जितेंद्र पासवान भी लगातार घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं, उनकी परेशानियों को समझ रहे हैं और संभव मदद करने के बात कर रहे हैं। साथ ही साथ बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज प्रत्याशी मोहमद अमजद ने घर-घर जाकर लोगों से जनसंवाद किया, जिसमें गया शहर, केंदुई, लक्ष्मीपुर, अम्बेडकर मोर, शाकिरबीघा धनवान, और शेरपुर पंचायत के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। मोहमद अमजद ने अपनी प्राथमिकताओं में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुधार पर जोड़ दिया। उन्होंने वादा किया कि यदि जनता का समर्थन मिलता है, तो वह बेलागंज के विकास केलिए बुनियादी सुविधाएं मजबूत करेंगे और युवाओं के लिए बिहार में ही रोजगार की व्यवस्था करेंगे।




# सांसद रुडी ने किया छठ घाट का निरीक्षण, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

### राजेन्द्र सरोवर के घाटों का भी लिया जायजा, सुरक्षा के लिए घाटों पर होगी बैरिकेडिंग की व्यवस्था

### गहराई वाले घाटों पर गोताखोर की व्यवस्था की जायेगी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुरूआत 05 नवम्बर, मंगलवार से हो रही है। इसके लिए घाटों पर व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए तैयारियां चल रही है। इसी संदर्भ में सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद और जल संसाधन संसदीय समिति के अध्यक्ष राजीव प्रताप रुडी ने छपरा के राजेन्द्र सरोवर और अमनौर स्थित अमृत सरोवर स्वरूप प्राचीन पोखरा के छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरान्त सांसद ने जिलाधिकारी अमन समीर, पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष, एसडीओ छपरा लक्ष्मण तिवारी और नगर आयुक्त छपरा के साथ बैठक की। बैठक में प्रशासक, नगर निगम छपरा के साथ अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान सांसद ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को घाटों पर व्रतियों को कोई असुविधा नहीं हो, बल्कि उनकी सुविधा हेतु पूरी निष्ठा एवं सेवा भावना से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी धर्मेन्द सिंह, इंसत्येन्द्र कुमार, भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह, निरंजन शर्मा, विवेक जी, चंदन सोनी व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सांसद ने घाटों पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, गोताखोर, बैरिकेडिंग करने, शौचालय, पेयजल, आदि कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में श्री रुडी ने कहा कि सारण जिला से होकर तीन बड़ी नदियां, गंगा, गंडक और घाघरा (सरयू) गुजरती है। इन नदियों के घाटों पर छठ पूजा के दौरान अत्यधिक भीड़ होता है। श्रद्धालु नदी के किनारे जाते है। नदियों के कटाव और पानी की अधिकता के कारण सदा अनहोनी की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि इस बार बाढ़ की समस्या भी उत्पन्न हुई थी, इसके कारण नदियों के किनारे दूर तक दलदल की स्थिति भी बन गई है। इसे देखते हुए सांसद ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि बैरिकेडिंग करते हुए घाट तक श्रद्धालुओं के पहुंचने की व्यवस्था की जाय। सांसद ने श्रद्धालुओं से ऐसे घाटों पर अधिक पानी या गहराई में जाने से बचने का आग्रह किया। सांसद ने बैठक में कहा कि जो लोग नदियों पर बने छठ घाटों पर नहीं जाते वे अपने-अपने गांवों में बने तालाबों पर पूजा करने के लिए जाते है। इन तालाबों में भी कई स्थानों पर गहराई बहुत है



जिसका अनुमान नहीं मिलता है। श्री रुडी ने प्रशासनिक अधिकारियों से ऐसे स्थानों को चिन्हित कर बैरीकेडिंग का निर्देश दिया ताकि कोई गहराई वाले स्थान पर न जाये। पूजा के दौरान सारण को चौबीस घंटे बिजली बनाये रखने के लिए श्री रुडी ने उचित निर्देश दिया साथ ही घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के पश्चात श्रद्धालुओं की सुरक्षा का उचित प्रबंधन करने को भी कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष चौकसी बरतने तथा छठ घाटों पर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। छपरा में राजेंद्र सरोवार छठ घाट के निरीक्षण के दौरान सांसद श्री रूडी के साथ छपरा विधायक डॉ सीएन गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा और अशोक सिंह भी उपस्थित थे।

## छठ पूजा की तैयारी जोरों पर, बाजार में बढ़ रही खरीदारों की भीड़

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में छठ पूजा की खरीदारी शुरू कर दी गई है.यह पर्व भगवान भास्कर का चार दिवसीय महान पर्व होता हैइसमें ब्रती पहले दिन नहाए खाए दूसरे दिन खरना तीसरे दिन पहला अघ्य तथा चौथे दिन परना का विधान बनाया गया हैप्रखंड के विभिन्न बाजारों तथा गांव में छठी मैया की पारंपरिक गीत से क्षेत्र गूंजयमान हो रहा है.छठ घाट की सफाई में मजदूर तथा स्थानीय लोग लगे हुए हैं. इसुआपुर बाजार स्थित पोखरा पर इसुआपुर गांव, पूरा बाजार तथा बिशुनपुरा, डटरा गांव के हजारों महिलाओं, पुरुषों के द्वारा छठ किया जाता हैछठ घाट का निरीक्षण सीओ करुण करण तथा थानाध्यक्ष कमल राम के द्वारा किया गया.वहीं घाटो पर प्रशासनिक व्यवस्था करने की भी बात कही गई.छठ घाटों के निरीक्षण के क्रम में इसुआपुर धाना परिसर स्थित छठ घाट ,संढवारा छठ घाट, दरवां पोखरा छठ घाट , मुड़वा छठ घाटो के साथ अन्य घाटों को देखा गया वहीं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गएप्रखंड के नवादा मठिया छठ घाट, अगौथर नदी छठ घाट के साथ प्रखंड के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई की जा रही हैछठ पूजा घाटों पर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही हैजिससे छठ ब्रतीयों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो सके. समाज सेवी अमरनाथ प्रसाद, राजेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि इसुआपुर छठ घाट पर रौशनी, सजावट तथा रंगरोगन के काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है.

# चित्रांश समाज ने की चित्रगुप्त भगवान की पूजा

## कलम लिखती है इतिहास और बनती है सभ्यता

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सभी प्राणियों के कर्मों और पाप पुण्य का लेखा-जोखा रखने वाले ब्रह्मा पुत्र कलम दवात के भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा अर्चना सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में रहने वाले चित्रगुप्त वंशजो ने विधि विधान के साथ अपने कुल देवता भगवान चित्रगुप्त के पूजा अर्चना कर समाज में प्रेम, सौहार्द,शांति बनी रहे और लोग शिक्षित हो और अच्छे समाज का निर्माण हो यही पूजा के मुख्य उद्देश्य को लेकर चित्रांश वंशजो ने पूजा अर्चना कर ईश्वर से आराधना किया। भरपुरा, सबलपुर,नयागाव, शिकारपुर,नगर पंचायत क्षेत्र मे बसे कायस्थों ने लेखनी देवता भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना रविवार को की है। आज के दिन कलम दवात किताब आदि की पूजा की जाती है जिससे विद्या की प्राप्ति होती है वहीं पूजा करने के बाद पूरे दिन कायस्थ वंशज आज के दिन पूजा के उपरांत दिन रात कलम से लिखना, पढना वर्जित होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कायस्थ जाति को उत्पन्न करने वाले भगवान चित्रगुप्त का जन्म यम द्वितीया के दिन हुआ था। पुराणों के अनुसार चित्रगुप्त पूजा करने से विष्णु लोक की प्राप्ति के साथ साहस, शौर्य, बल और ज्ञान की भी प्राप्ति होती है। वहीं मृत्यु के बाद नरक की यातनाएं नहीं झेलनी पड़ती है। पत्रकार संजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन कायस्थ वंशज लोग आज के दिन अपने इष्ट देवता ब्रह्मा पुत्र चित्रगुप्त जी महराज के चित्र के सामने अपने लेखनी की कलम, किताबें, डायरी रखकर उन्हें विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते है और प्रसाद के रूप मे गाय के दूध, शक्कर, अदरक , तुलसी, गंगाजल रख कर पंचामृत बनाते है और फल,मिठाई, पान, कसेली,फूल रखकर पूजा अर्चना कर अपने वार्षिक आय -व्यय का लेखा जोखा लिखकर भगवान को पूर्ण करने के साथ घर मे सुख शांति के दुआएं मांगते है और कथा सुनते है उसके उपरांत लेखनी पढ़नी एक दिन बंद कर देते है।उन्होंने यह भी कहाँ कि इस दिन चित्रांश वंशज भगवान से आग्रह करते हैं कि हे ईश्वर समाज में प्रेम,सौहार्द,शांति बनी रहे और लोग शिक्षित हो और अच्छे समाज का निर्माण हो एही पुजा करने का मुख्य उद्देश्य होता है। वही मितलेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव अधिवक्ता ने बताया कि कलम इतिहास लिखती है और सभ्य समाज का निर्माण करती है। कलम को सभ्यता और संस्कृति का जादूगर कहा जाता है। वही अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त के पूजन हर लोगों को करनी चाहिए जिससे उन्हें ज्ञान मिल सके। चित्रांश वंशज शिक्षा के प्रति जागरुक है लोगों को इनसे सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा की लाठी के मार से तो लोग ठीक हो सकते हैं लेकिन कलाम की मार से कोई जल्दी ठीक नहीं होता है। इसलिए तो कायस्थ जाति के लोगो के लेखनी को भगवान के बरदान मानते है। वही समाजसेवी लालबाबू पटेल ने कहा कि चितगुप्त वंशज लोग मारपीट, कूटनीति विचार से दूर रहकर एक मधुरभाषी के लोग होते है तभी तो कायस्थ वंशज के लोग अपनी कलम से ही ज्ञानवान होकर देश और दुनिया में परचम लहरा रहे हैं।

## इसुआपुर सड़क दुर्घटना में चार घायल दो रेफर

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लौवां गांव के उर्मिला देवी, अभिषेक कुमार तथा काजल कुमारी जो इसुआपुर बाजार से छठ का खरीदारी कर टेंपो से अपने घर लौवां लौट रहे थे की अचितपुर एस एच 90 पर विपरीत दिशा से रहे स्कॉर्पियो की चपेट में आ गए, जिसमें तिनो बुरी तरह घायल हो गए। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना पिपरिया बाजार के पास अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से प्रकाश साह बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी इसुआपुर ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद काजल कुमारी और प्रकाश साह को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## सूता मिल के कर्मियों को बकाया वेतन मिलने के निर्देश पर खुशी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के सहकारी सूता मिल के निस्ते नाबूत होने वाले सहकारी सूता मिल के कर्मचारियों और पदाधिकारी को बकाया वेतन मिलने के निर्देश की सूचना पर खुशी की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि सरकार द्वारा वर्षो से बंद पड़े सिवान सहकारी सूता मिल के भवनों को तोड़ सरकारी इंजीनियरिंग कालेज बना दिया गया, लेकिन आज तक करचारियों, वर्करों का बकाया वेतन नहीं दिया गया और ना ही उनके समायोजन की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई। इधर सिवान सहकारी सूता मिल के कर्मियों द्वारा कोर्ट में मामले को पहुंचाया गया। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के द्वारा एक अक्टूबर 2024 को जजमेंट किया गया कि दो माह के अंदर राज्य सरकार इन सभी कर्मियों का वेतन देने का निर्देश दिया गया। इस बात की जानकारी के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पढ़ाने के लिए सिवान सहकारी सूता मिल के कर्मचारियों ने शहर के अधिवक्ता विपिन सिंह को बुलाया और कोर्ट के आदेश को पढ़वा कर उनसे जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद सरकारी सूता मिल के पदाधिकारी व कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## भूमि विवाद का ले हुई मारपीट मामले की प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सहुली गांव में भूमि विवाद को लेकर एक महिला को मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में पीड़िता सहुली निवासी कौशल्या देवी ने थाना में आवेदन देते देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर मारपीट कर घायल करने तथा गले से जिउतिया छीन लेने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि सहुली निवासी जनार्दन यादव से मेरा पुत्र रंजय साह तीन धुर जमीन बैनामा खरीदी है। इसमें 17 अक्टूबर को जनार्दन यादव का भतीजा पटवन कर रहा था। मैं जाकर अपने हिस्से की जमीन छोड़ देने की बात कह कर चली आई। कुछ देर बाद जब मैं एक पूजा समारोह से लौट रही थी तभी जनार्दन यादव मुझे बुलाकर गाली गलौज करते हुए मारने लगा तथा मेरे गले से जिउतिया छीन लिया। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# छठ पर्व को लेकर सूप-दउरा बनाने में जुटे हैं कारीगर, बिक्री हुई शुरू

## छठ पर्व सामाजिक समरसता को भी मजबूत बनाता है

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सनातन धर्म व लोक आस्था के महापर्व बिहार के सबसे महत्वपूर्ण महापर्व छठ पूजा में अब महज तीन दिन का समय शेष है। छठ पर्व धार्मिक, सांस्कृतिक और समाजिक महत्व के साथ साथ एक - दूसरे के प्रति प्रेम के साथ सामाजिक बुराइयों को भी एक डोर में समाहित करती है। यही कारण है कि बिहार की सबसे महत्वपूर्ण चार दिवसीय छठ पर्व अब धीरे-धीरे जिन जिन जगहों पर बिहार के लोग रह रहे हैं और वहां के लोगों को भी छठ के महत्व को जानकारी देते हुए छठ व्रत करने की प्रेरित कर रहे हैं यहां तक कि देश ही नहीं विदेश में भी छठ पर्व का प्रचलन शुरू हो गया है। इस बार मंगलवार को नहाखाय से चार दिवसीय पर्व का शुरुआत हो जायेगी। चित्रगुप्त पुजन व गोधन के बाद अगले दिन से वर्तधारी



छठ पर्व के तैयारी मे जुट जायेगी । लोक आस्था के इस महापर्व के प्रति लोगों का लगाव जितना ही गहरा है उतना ही यह पर्व सामाजिक समरसता को मजबूत भी बनाता है। हम छठ पूजा में प्रयोग होने वाले सूप, दउरा तथा महावर जैसे सामानों की बात कर रहे हैं। बांस से बनने वाले सूप-दउरे का निर्माण दलित समाज के लोगों द्वारा किया जाता है तो महावर अल्पसंख्यक बिरादरी के लोग बनाते हैं। लेकिन सभी घरों में छठ पूजा को ले इन सामानों की उपयोगिता होती है। समाज में बढ़ रहे जातीय व सांप्रदायिक विद्वेष को रोकने में पर्व त्योहारों की भूमिका शुरू से ही रही है। छठ पर्व इसका सबसे अच्छा उदाहरण है।इस बार भी छठ पूजा को लेकर सोनपुर प्रखंड के गोला बजार, पहलेजाघाट,नगर पंचायत सोनपुट स्थित व भरपुरा गांव स्थित दलित बस्ती में सूप-दउरे का निर्माण अंतिम दौर में है। मल्लिक समाज के लोगो का कहना है कि छठ में सूप दौरे की अधिक मांग तथा इसके निर्माण में लगने वाले श्रम व समय को देखते हुए इसका निर्माण एक माह पहले से शुरू किया गया है।बस्ती के करीब एक दर्जन परिवार के लोगों द्वारा सूप दौरा बनाया जा रहा है। कच्चे बांस को पतले-पतले टुकड़ों में काट तथा टुकड़ों को एक दूसरे से जोड़ते हुए उसे सूप, दउरा, पंखा आदि के शक्ल देने तथा रंग रोगन कर चटक बनाने में दलित बस्ती के मल्लिक समाज के लोगों की कलाकारी काबिले तारीफ है। लेकिन सबसे बड़ी खासियत तो यह है कि छठ पर्व में काम आने वाला सूप-दउरा तथा मल्लिक सामाजिक समरसता की डोर को मजबूत करता है।

# पारंपरिक विधि-विधान से महिलाओं व बहनों द्वारा गोधन कुटने के साथ भैयादूज संपन्न

## पहले रेंगनी के कांट से श्रापने के बाद किया पश्चाताप



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की अहले सुबह पारंपरिक लोक गीतों के सामूहिक स्वर में गायन के बीच बहनों व महिलाओं द्वारा गोधन बाबा को पारंपरिक विधि-विधान से कुटने की रस्म अदायगी की गई। एकमा हाईस्कूल के समीप, बाजार, ब्लॉक रोड, राजापुर, आमडाढ़ी, रसूलपुर, नचाप, खानपुर, हरपुर, गौसपुर, भरहोपुर, गंजपर, परसागढ़, बलिया, टेसुआर, भजौना, महमदपुर, नवादा, माधोपुर, विशुनपुरा कला, पचरुखिया, देकुली, चनचौरा आदि ग्रामीण इलाकों में भाईयों को चना की बजड़ी व मिठाई खिलाकर उन्हें बज्र के समान बनने की कामना बहनों द्वारा की गई। इसके साथ ही गोवर्द्धन पूजा व भैयादूज का त्योहार परंपरागत ढंग से संपन्न हो गया।

### बहनों ने भाईयों को बजरी व मिठाई खिलाकर

### भाईयों को बज्र की तरह बनने की कामना की

**पश्चाताप की सिख देता है यह पर्व :** इसके पहले भाई व हित कुटुंब के दीर्घायु के लिए सुबह श्राप कर फिर रेंगनी की कंटे से पश्चाताप की गई। एकमा ब्लॉक रोड की रुचि सिंह ने बताया कि यह पर्व पूरी तरह कृषि और गौ पालन की महता से जुड़ा है। बताया गया कि गृहस्थ जीवन में कभी कभार खीस-क्रोध में अनाप-शनाप भी बोल दिए जाते हैं, तो यह पर्व उसका पश्चाताप करने की सीख देता है।

बहने पहले श्राप देती हैं फिर एक खास तरह के रेंगनी की कंटे से जीभ पर रख कर पश्चाताप करती हैं। पर्व के साथ पारम्परिक गीतों ने इस पर्व को जीवंतता प्रदान की है। यही कारण है कि आज से शुरू होने वाला यह पर्व पूरे एक माह तक पीड़िया के नाम से चलेगा।

**बनायी जाती है भीतिचित्र :** गाय के गोबर से बने गोधन बाबा की कुटने की रस्म के बाद इसी गोबर से पीड़िया दिवारों पर लगाईं गई। रोजाना शाम होते ही बहने गीत गायेंगी और भाइयों के दीर्घायु होने की मंगल कामना करेंगी। एक महीने बाद व्रती बहनें उपवास रख कर दिवाल से पिंडी रूप में बनी पीड़िया देवी का विसर्जन करेंगी। उस दिन घर के आंगन में सोरहिया नाम से भीतिचित्र भी बनाई जाती हैं।

## श्रीराम कथा शुभारंभ पर निकाली भव्य कलश यात्रा

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के कचनार स्थित जठिया पोखरा पूरब टोला में रविवार को श्रीराम कथा कथा का शुभारंभ किया गया। इसके पूर्व हाथी-घोड़े व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा उर्ध्वबाहु बाबा मंदिर परिसर से आरंभ होकर गिरि, छठतीर व मुख्य मार्गो होते हुए पुनः कचनार सरयू नदी तट पहुंची जहां आचार्य शशिकांत मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भराया गया। इसके बाद पुनः शोभा यात्रा कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। इस दौरान वृंदावन से आए कथाव्यास बाल व्यास मानस महाराज को रथ पर आरूढ़ कर नगर परिक्रमा कराया गया। आजाद दल कमेटी ने समस्त महिलाओं को मां की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान जय श्रीराम के जय घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## मारपीट मामले का आरोपित दो गिरफ्तार

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में आपसी विवाद को ले हुई मारपीट में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में सोनी अली एवं फैयाज अंसारी शामिल हैं। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में सोनी अली एवं फैयाज अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी की गई थी। शनिवार को पीएसआइ अनिल कुमार दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।

# महिलाओं ने परंपरागत रूप से मनाया भैयादूज का पर्व

## भैया दूज पर्व पर बहन ने भाई के कलाई मे बांधी रक्षासूत्र, भाई ने बहनो को दी उपहार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रक्षाबंधन की तरह ही भाई-बहनों के अमर व अटूट पवित्र प्रेम का प्रतीक भैयादूज का त्योहार रविवार को पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास व विधि-विधान के साथ मनाया गया। अहले सुबह महिलाओं ने स्नान कर खुद को पवित्र करते हुए श्रृंगार कर नए वस्त्र,आभूषण धारण किए फिर पुरानी परम्परा को जीवंत रखने के लिए पारंपरिक रूप से महिलाओं ने अपने भाई को गाली दी, शाप भी दिया फिर महिलाओ ने गोबर के बनाये गए साँप, बिच्छू, गोजर, बिषला जानवर के आकृति के साथ मिट्टी के घईला को काले रंग से यमराज बनाकर परम्परा के अनुसार यमराज सिर के प्रतीक को मूसल से कूट दिया और बहनों ने भाईयो के कस्ट से मुक्ति व लंबी उम्र के लिए दुआएं ईश्वर व यमराज से मांगी। गोधन कुटी के पश्चात अपनी जीभ में रेगनी का कांटा चुभोकर पश्चाताप करते हुए श्राप वापस ली और भाईयों के लंबी उम्र की कामना की। विवाहित बहनों के बुलावे पर भाई उनके घर पहुंचा। जहां बहन ने भाई को स्वागत करते हुए रुई के बने रक्षा सूत्र बाँधी। कुंवारी बहनें भी अपने भाई के भैया दूज के अवसर पर बहनों ने भाईयो को बजरी खिलाकर नेग लिया। चतुरपुर के मुन्नी देवी,नगर सोनपुर



के ममता पटेल,बिभा देवी, रेशमी देवी, नीलम देवी,लवली कुमारी,साक्षी, आरती आदि ने बतायी कि भैया दूज के दिन चकवा भाई, श्यामा भौजी और खरहित बहन के लोक कथा पर आधारित गीत गायी गई और कथा भी सुने।उन्होंने कही कि आज के दिन सभी महिलाएं व बच्ची पुरानी परम्परा के अनुसार गीत गाए जाते है। रेगनी के कांटा जीभ में चुभो कर अपने भाई सहित परिवार के सभी पुरुष लोगो को शाप से मुक्त कराया जाता है। रूई से लंबी बत्ती बनाकर रक्षा सूत्र तैयार कर भाई के कलाई मे बांध कर लंबी उमर की दुआ मांगी जाती है। उन्होंने कही कि यमराज के कोप से बचाने के लिए घर के बाहर या पंडितो के दरवाजे पर रंगोलीनुमा गोबर व चावल के घोल से चौका लगा कर उसके भीतर गोबर से यम और यमुना की आकृति के साथ ही सांप, बिच्छू व हानि पहुंचाने वाले जीवों की भी आकृति बनाई जाती है । आकृति के भीतर ईंट, मटर, नारियल, सुपारी व रेगनी का पौधा आदि भी रख कर उसके बाद महिलाएं लाठी, मूसल से उन सबको कुटाई करती है उसके बाद उसमे से नारियल, चना, या मटर, श्राप दिए गए रेगनी काटे,रुई को घर लाकर पुनः दिए गए श्राप को पश्चाताप कर रेगनी के काटे को जीभ मे चुभकर दिए गए श्राप से मुक्त करती है।उन्होंने कहा की इस तरह आज के दिन टोटका करने से घर में अकाल मृत्यु नहीं होती है तथा सुख समृद्धि की वृद्धि होती है। भाईयो और अन्य परिजनों को बजरी के रूप में कठोर अन्न खिलाया जाता है की उसका भाई इंद्र के बज्र की तरह मजबूत रहे। आज के दिन भाइयो को बहन के घर के अन्न खाना चाहिए। लोक सेवा आश्रम के संत मौनी बाबा ने भैया दूज के व्रत के बारे मे बताये कि समाजिक मान्यता व लोककथा मे यह है कि भगवान सूर्य ओर उनकी पत्नी की कोख से यमराज व यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमराज अपने कार्य में व्यस्त होने के कारण बहन के घर नहीं जा पा रहे थे। एक बार बहन यमुना ने अनुनय विनय कर भाई यमराज को अपने घर बुलाया। कार्तिक शुक्ल पक्ष के द्वितीया तिथि को वे बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर मांगने को कहा। यमुना ने कहा कि आप इसी तरह हर साल उनके घर आया करें। मेरी तरह जो बहन इस दिन अपने भाई को आदर सत्कार करके टीका करे। उसे आशीष दें उसे आपका भय न रहे। है। यमराज ने उनकी ईच्छा पूरी कर दी। इस दिन को यम द्वितीया भी कहते हैं। भैयादूज की यह कथा भी है प्रचलित कहा जाता है कि नरक दीपावली से एक दिन पहले यानि कार्तिक कृष्णपक्ष के चतुदर्शी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नारकासुर का वध किया था। इस दिन को नरक चतुदर्शी भी कहा जाता है। नारकासुर का वध करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण शुक्लपक्ष के द्वितीया तिथि को बहन सुभद्रा के घर पहुंचे थे। सुभद्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की खातिरदारी की थी। भगवान ने बहन को वरदान दिया था कि आज के दिन जोभाईबहन के घर आकर आतिथ्य स्वीकार करेंगे वे रोग, शोक मुक्त होकर पूरी आयू व्यतीत करेंगे।

# अमनौर पर्यटक स्थल बड़ा पोखरा के छठ घाटों का सांसद रूडी ने किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** स्थानीय अमनौर पर्यटक स्थल बड़ा पोखरा के छठ घाटों का निरीक्षण रविवार को स्थानीय सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने किया. वहीं छठ पूजा को लेकर घाट की सफाई एवं सुरक्षा के लिए पदाधिकारियों को कइ दिशा निर्देश दिए. जहां मौके पर मौजूद मढौरा एसडीएम डॉप्रेरणा सिंह, मढौरा डीएसपी नरेश पासवान सीओ अजय कुमार के साथ घाट की सफाई एवं सुरक्षा को लेकर बातचीत कर कई दिशा निर्देश दिया.उक्त मौके पर श्री रुढी ने कहा कि इस पावन पर्व में यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त छठ पूजा करने आते हैं.काफी भीड़ होती है. जहां सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की जरूरत हैउन्होंने सारण की जनता को छठ पूजा बधाई देतेहुए इसे हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही. वहीं मढौरा एसडीएम डॉप्रेरणा सिंह ने छठव्रतियों की भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था, पैकिंग घाट किनारे सुरक्षा हेतु बांस बल्ला लगाने का भरोसा दिलाया.मालूम हो कि छठ पूजा समिति द्वारा लाइटिंग, घाट से जुड़ने वाले सभी सड़क किनारे लाइट, चेंजिंग रूम, संस्कृति कार्यक्रम आदि की व्यवस्था करने की बात बताई जा रही है . उक्त मौके पर विधायक मंटू सिंह, ई. सत्येंद्र सिंह, राकेश कुमार सिंह, धर्मेन्द्र साह, नागेन्द्र राय,कामेश्वर ओझा, अभिषेक कुमार आदि लोग मौजूद थे।



## महाराष्ट्र, झारखंड सहित यूपी और बिहार के उप चुनाव में एनडीए की जीत होगी- रूडी

**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** महाराष्ट्र, झारखंड सहित यूपी और बिहार के उप चुनाव में एनडीए की जीत होगी. बिहार के उपचुनाव में नतीजा स्पष्ट है.एनडीए के संयुक्त प्रत्याशी चुनाव मैदान में है. उक्त बातें रविवार को स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी अपने आवासीय परिसर अमनौर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही. उन्होंने कहा कि बहुमत के साथ हमलोग हरियाणा जीते.अब झारखंड और महाराष्ट्र भी जीतेंगे.उसी क्रम में बिहार और यूपी के उप चुनाव में एनडीए की प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है.बिहार में हमारी सरकार है.मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व में लोगो की बहुत आस्था है विकास की और बिहार की गति की. वहीं महाराष्ट्र व झारखंड में संयुक्त हमारी सरकार बनेगी.इस दौरान सांसद कई फरियादियों से मुलाकात कर उसकी समस्याओं से अवगत हुआ. वहीं अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर सांसद को लिखित आवेदन सौंपा. इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक मंटू सिंह, धर्मेन्द्र साह, नागेन्द्र राय, भाजपा नेता राकेश सिंह, कामेश्वर ओझा, मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, अनिल सिंह, निरंजन शर्मा, दिपक सिंह, पंकज मिश्रा समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मशरक में महिलाओं ने श्रद्धा से की गोवर्धन पूजा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र की महिलाओं ने रविवार को श्रद्धापूर्वक गोवर्धन पूजा और भैया दूज की। मौके पर विधिवत उपवास रख स्नान-ध्यान के बाद अपनी सुविधानुसार गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन की प्रतिमा बनाई। उसे फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया। बाद में पूजा की थाल सजाकर परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना की। यह पर्व भाई बहन के प्रेम, स्नेह और सुरक्षा के अटूट बंधन का प्रतीक हैं। इस दिन परिवार में एकजुटता और स्नेह का माहौल होता है। बहनों ने भाई की सफलता की कामना की वहीं भाईयों ने भी बहनों की सुरक्षा का वादा किया। मौके पर आचार्य टुन्ना बाबा ने कहा कि पूजा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन की कथा सुनना जरूरी है। क्योंकि धार्मिक मान्यता के अनुसार बिना कथा श्रवण के पूजा अधूरी मानी जाती है। बाद में पुजारियों ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन पूजा की मार्मिक कथा सुनाई। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तिथि को भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के कोपभाजन बनने से ब्रजवासियों की रक्षा की थी और देवराज इंद्र के घमंड को चूर किया था। तभी से सनातन संस्कृति में गोवर्धन पूजा करने का विधान अबतक जारी है।

## भैया दूज का पर्व संपन्न होने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा की तैयारी जारों

**दाउदपुर(मांझी)।** दीपावली और भैया दूज का पर्व संपन्न होने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा की तैयारी जारों पर है। महापर्व छठ पूजा अनुष्ठान की शुरुआत मंगलवार से नहाय खाय के साथ होगी। छठ पूजा के प्रसाद बनाने के लिए गांव व मुहल्ले की छठव्रती महिलाएं मिट्टी की चूल्हा बनाने के काम में जुट गई है। माना जाता है कि मिट्टी से बनाए चूल्हे पर इस महापर्व में पकवान बनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इन चूल्हों पर ही छठ महापर्व के दौरान नहाय खाय, खरना व अर्घ्य अर्पण करने के लिए विभिन्न तरह के पकवान बनाए जाते है। छठव्रती महिलाओं ने बताया कि पर्व की पवित्रता कायम रखने के लिए चूल्हा के निर्माण के लिए शुद्ध मिट्टी का उपयोग किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं चूल्हा बनाने की तैयारी में जुटे हुए है। इसके लिए घर-घर के अलावा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भी महिलाओं के द्वारा छठ पूजा का मांगलिक गीत गाते हुए चूल्हे का निर्माण किया जा रहा है। व्रतियों ने बताया कि छठ महापर्व में शुद्धता पर विशेष ध्यान रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि मिट्टी के बने चूल्हे और आम की लकड़ी से जली आग से बनी प्रसाद को पवित्र माना गया है। इसलिए छठ पूजा में मिट्टी के चूल्हे का विशेष महत्व है। छठ के प्रसाद बनाने के पूर्व व्रती इस चूल्हे व अग्नि का विधिवत पूजन कर अर्घ्य देने के लिए प्रसाद तैयार करती है। जिसकी महत्ता चिरकाल से प्रख्यात है।

## छठ पूजा को लेकर बाजार में खरीदारों की बढ़ी भीड़ , सड़कों पर महा जाम



**दैनिक खोज खबर / मशरक (सारण)।** महा पर्व छठ पर खरीदारी को लेकर काफी संख्या में लोग मशरक के स्टेशन रोड, महावीर चौक के बाजार में पहुंच रहें हैं। प्रमुख बाजारों में काफी रौनक देखने को मिल रही है। ऐसे में स्टेशन रोड और छपरा मशरक एस एच 90 पर महाराणा प्रताप चौंक, महावीर चौक, डाक-बंगला चौंक और अस्पताल चौंक पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रह रहीं। स्टेशन रोड की सड़क पर लोगों पैदल भी चलना दुश्वार हो रहा था। वैसे चौक चौराहे पर पुलिस दिखाई दे रहीं हैं पर उसका कोई फायदा नहीं दिख रहा है। स्थानीय रंजन कुमार सिंह ने बताया कि एक तो मशरक में स्टेशन रोड, महावीर चौक, महाराणा प्रताप चौंक, डाक-बंगला चौंक और अस्पताल चौंक पर पहले ही अतिक्रमण की समस्या है वहीं महा पर्व छठ में लोगों की उमड़ी भीड़ से स्टेशन रोड में महाजाम लग जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को स्टेशन रोड में छठ पर्व पर चार चक्का वाहनों के आवागमन पर रोक लगानी चाहिए।

## मृतक के परिजनों से मिल बनियापुर विधायक ने दी सांत्वना



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के जजौली गांव में विधुत करेंट लगने से मृत सरकारी शिक्षक के दरवाजे पहुंचे बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने पहुंच परिजनों को सांत्वना दी। बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि दीपावली के दिन पंखा समेत अन्य कनेक्शन जोड़ने के दौरान जजौली गांव निवासी सरकारी शिक्षक अजय मेहता का निधनं हो गया था। वे गोपालगंज के हथुआ में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनका निधनं परिजनों के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और कहां कि भगवान उनके आत्मा को शांति दे।

## पैक्स चुनाव को लेकर 19 नवम्बर तक होगा शस्त्रों का भौतिक सत्यापन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र में पैक्स चुनाव 2024 के लिये जिलाधिकारी अमन समीर के आदेश पर मशरक थाना में 19 नवंबर तक शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। इस संबंध में सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लिए शस्त्रों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया है। जिसमें रविवार को एक दर्जन शस्त्रों का सत्यापन किया गया जो 19 नवंबर तक किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र नियमावली 2016 के नियम 30 एवं 112 के तहत अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों एवं कारतूस के भौतिक सत्यापन के लिए तिथि निर्धारित कर दिया गया है। उक्त तिथियों को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न चार बजे तक सत्यापन किया जाएगा।

## स्कॉर्पियो में लदे आठ कार्टून शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चंदेश्वर मोड़ पर उत्पाद थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान स्क्रारपियो में लदे 8 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ तीन को गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर सुनील कुमार के निर्देश पर दारोगा कुंदन कुमार ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान स्क्रारपियो में लदा 8 कार्टून लदा अंग्रेजी शराब जो 72 लीटर हैं के साथ यूपी के गोरखपुर जिला के अजीम खां पिता शहीद खां गांव रूस्तमपुर थाना रामगढ़,विजय दुबे पिता श्याम सुंदर दुबे गांव वास्तु बिहार थाना गोरखपुर कैंट, आर्यन मिश्रा पिता सत्यप्रकाश मिश्रा गांव तारा मंडल थाना गोरखपुर कैंट को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार ने बताया कि शराब यूपी के देवरिया से मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था।

## एक ही परिवार के दो बहुओं ने पास की बीपीएससी प्रधानाध्यापक की परीक्षा

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं और यदि मन से किसी कार्य को करने के लिए ठान लिया जाए तो इसके लिए कोई उम्र भी मायने नहीं रखता। घर का कामकाज करते हुए बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी करते हुए सारण जिले के पानापुर प्रखंड के सातजोड़ा गांव की दो बहुएं एक साथ बीपीएससी प्रधानाध्यापक की परीक्षा पास की है बताते चले की सतजोड़ा गांव निवासी सिंधु तिवारी एक रिटायर्ड शिक्षक हैं जिनकी दो बहुएं कुमारी नीलू पांडेय हेड टीचर की परीक्षा एवं अंकिता कुमारी हेड मास्टर की परीक्षा पास की हैं। कुमारी नीलू पांडेय सतजोड़ा मध्य विद्यालय में शिक्षिका है जबकि अंकिता कुमारी राजकीय कृत्य महादेव उच्च माध्यमिक विद्यालय खुसरूपुर पटना में शिक्षिका की पद पर कार्यरत हैं। इन दोनों बहुओं की परीक्षा पास करने की कहानी पानापुर प्रखंड तथा जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। उनके घर पर उनके सगे, संबंधी, शुभचिंतकों एवं इनके विद्यालय में पढ़ने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का बधाई देने के लिए ताता लगा हुआ है।

## गोधन भैया चलले अहेलिया, मांगलिक गीत के साथ हुई गोवर्धन की पूजा

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों में रविवार को गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई गई। परंपरा के अनुसार यह पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को मनाई जाती है। रविवार की अल सुबह घर की बुजुर्ग महिलाओं द्वारा परंपरागत तरीके से हसुआ तथा कंडा की लकड़ी से सूप बजाकर घर से दरिद्र भगाने की रस्म अदा की गई। इसके बाद स्नानादि से निपटने के बाद महिलाएं गोवर्धन पूजा स्थल पर पहुंची, जहां परंपरागत रूप से बनाए गए अन्नकूट एवं गोवर्धन के प्रतीकों की पूजा की गई तथा रेंगनी के कांट से अपने जिह्वा का छेदन करते हुए श्राप दीं। बहनों ने अपने भाइयों की दीर्घायु एवं सुखमय जीवन कामना की। इस दौरान महिलाओं द्वारा गोवर्धन से संबंधित पारंपरिक गीत गोधन भैया चलले अहेलिया, ओह पार गोधन भैया खेलेले शिकार समेत कई गीतों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया। गोधन कूटने को ले सुहागिनों एवं युवतियों में काफी उत्साह दिखा।

## बैठक में राजभर पासी समाज मजबूती पर बल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जीरादेई प्रखंड के ठेपहां स्थित ललन चौधरी के आवास पर राजभर पासी समाज की बैठक हुई। बैठक में राजभर पासी समाज के उत्थान पर चर्चा की गई। साथ ही समाज के लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली लाभ की जानकारी देते हुए इससे वंचित लोगों को उनका हक दिलाने पर चर्चा की गई। साथ ही समाज के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। बैठक में मोहन प्रसाद राजभर, राजकिशोर राजभर, अमित राजभर, राजेश खरवार, रंगलाल राजभर, बसंत कुमार राजभर, फुलेना राजभर, रामचंद्र प्रसाद राजभर, रामबालक राजभर, संजय राजभर, गोरख राजभर आदि उपस्थित थे।

## सांसद रूडी के पहल पर 75 हजार रुपए चिकित्सा सहायता राशि स्वीकृत



**दैनिक खोज खबर छपरा।** सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से दरियापुर प्रखंड के सरैया गांव निवासी उर्मिला देवी पति दशरथ चौधरी जो गंभीर रोग से ग्रसीत है। इनका इलाज चल रहा है इन्होने अपनी बीमारी की जानकारी स्थानीय कार्यकर्ताओं की मदद से सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह को दिया। सांसद राजीव प्रताप रूडी के आवास पर मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह, वार्ड सदस्य बुलबुल सिंह ने सांसद रूडी से मिलकर जानकारी दिया। जिसके बाद सांसद रूडी के ऑफिस द्वारा जरूरी कागजात मंगवाकर इनको इलाज के लिये 75 हजार रूपए का स्वीकृत करवाया गया। जिसके बाद सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देश पर स्वीकृति पत्र सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह के नेतृत्व में स्वीकृति पत्र दिया गया। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी राजू सिंह, पंचायत समिति जीतेन्द्र महतो, गोना सिंह, रंजय साह, ढोराई साह सहित अनेक स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने सांसद राजीव प्रताप रूडी का धन्यवाद दिया।

## रेनुआ छठ घाट की साफ-सफाई में जुटे स्थानीय लोग

**सिवान :** जिला मुख्यालय समेत प्रखंडों में प्रकाश पर्व दिवाली धूमधाम से संपन्न हो गई। वहीं जिलेवासी अब लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारी में जुट गए हैं। लोगों द्वारा घरों के आसपास की सफाई करने के साथ-साथ छठ पूजा समितियों की ओर से छठ घाटों की सफाई तेजी से की जा रही है, ताकि छठ व्रत में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। रविवार को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 20 में दाहा नदी स्थित रेनुआ घाट की साफ-सफाई का कार्य समाजसेवी जितेंद्र स्वामी की देखरेख में स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। इस संबंध में जितेंद्र स्वामी सहित स्थानीय लोगों ने बताया कि छठ घाट को आकर्षित बनाने के लिए युवा दिन रात मेहनत कर अंतिम रूप दे रहे हैं। छठ घाटों पर आकर्षक तरीके से तोरण द्वार बनाया जा रहा है। छठ व्रत में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इसको लेकर छठ पूजा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया है। मौके पर रविंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, उमेश सिंह, राजकुमार महतो, शैलेश सिंह, मणि भूषण सिंह, हरेंद्र पटेल, रजनीकांत सिंह, विजय सिंह, लोकेश सिंह, शशिभूषण सिंह, अनिल शर्मा, राहुल सिंह सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

## जमीन में मारपीट, जख्मी पिता- पुत्र रेफर

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के सेमरहिया में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से पिता-पुत्र बुरी तरह से जख्मी हो गए। जख्मी में सेमरहिया निवासी 66 वर्षीय ओम प्रकाश सिंह, 44 वर्षीय मुन्ना सिंह का नाम शामिल है। मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार दो पक्षों के बीच दस धूर जमीन को लेकर पूर्व से विवाद था। इसी विवाद को लेकर रविवार को दोपहर पूर्व मारपीट हो गई। मारपीट में ओमप्रकाश सिंह का सर और पैर बुरी तरह से जख्मी बताया जा रहा है, वही मुन्ना सिंह के पैर की हड्डी तीन जगहों से टूटी बताई गई है। जख्मी का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे छपरा रेफर कर दिया गया। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी धनंजय उपाध्याय और उनके पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही थी।



# प्रथम बिहार राज्य सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन सिवान सहित 8 टीमें क्वार्टर फाइनल में

**दैनिक खोज खबर/दरौली(सिवान)।** हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वाधान में दरौली प्रखंड के पिपरिया गांव में ब्लू स्काई द स्कूल के खेल मैदान में हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ सिवान द्वारा आयोजित प्रथम बिहार राज्य सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में सिवान सहित आठ टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान की सचिव सलमा खातून ने बताया कि इस राज्य स्तरीय अंतर जिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों का चयन कर 18 सदस्यीय बिहार टीम का गठन किया जाएगा जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी ।विदित हो की यह प्रतियोगिता 2 नवंबर से 4 नवंबर 2024 तक खेली जा रही है इसमें बिहार से कुल 19 जिलों की टीमें भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता दिवा- रात्रि में खेला जा रहा है। बताते चले कि इस प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन सिवान लोकसभा के माननीय सांसद श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी एवं विधान पार्षद प्रोफेसर वीरेंद्र नारायण यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद टूना जी पांडेय, मुखिया मनोज पंडित सहित कई लोग उपस्थित रहे ।3 नवंबर को खेले गए मैच का परिणाम इस प्रकार रहा सिवान ने भागलपुर को 11-4 से रानीलक्ष्मी बाई स्पोर्ट्स अकादमी ने पश्चिमी चंपारण को 10-2 से, एकलव्य मैरवा ने जहानाबाद को 10-0 से, भागलपुर ने रोहतास को 5-0 से, भोजपुर ने जहानाबाद को 5-1 से, पटना ने गोपालगंज को 9-0 नालंदा ने रोहतास को 9-2 से ब्लू स्काई द स्कूल ने गोपालगंज को 5-1 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।इस अवसर पर समाजसेवी डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा ब्लू स्काई स्कूल के निदेशक डॉ रवि शंकर मिश्रा हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के संयुक्त सचिव विक्की कुमार हैंडबॉल एसोसिएशन का सिवान की सचिव सलमा खातून कोषाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला खेल प्रेमी उपस्थित होकर के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रही थी एवं मैच का आनंद ले रही थी क्वार्टर फाइनल रात्रि में खेला जाएगा।



# आस्था व भक्तिभाव से हुई कलम के आराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना

**सिवान।** जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों में कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया यानी रविवार को चित्रांश (कायस्थ समाज) के लोगों ने अपने इष्टदेव भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा आस्था एवं भक्तिभाव से की। इसको लेकर उनमें काफी उत्साह देखा गया। सुबह होते ही पूजा की तैयारी में जुट गए। चित्रांश समाज के लोगों ने सादे कागज पर भगवान चित्रगुप्त की आकृति बनाकर उनके नाम एवं अन्य देवी-देवताओं के नाम तथा खाता-बही आदि का जिक्र कर भगवान चित्रगुप्त के समक्ष रखा तथा पुष्प, प्रसाद चढ़ा आराधना की तथा पूरे परिवार समेत सुखमय जीवन की कामना की। तत्पश्चात पूजा, हवन आरती के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद ब्राह्मणों को भी दान-दक्षिणा दिया तथा एक-दूसरे को प्रसाद खिलाया गया। कई जगहों पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

**शिक्षा एवं साक्षरता के प्रतीक हैं भगवान चित्रगुप्त :** जिला मुख्यालय स्थित चित्रगुप्त नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में पूजा समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता पांडेय रामेश्वरी प्रसाद उर्फ छोटे बाबू के नेतृत्व में चित्रांश समाज के लोगों द्वारा अपने आराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त की पूजा की गई। स्थानीय विंध्यवासिनी प्रसाद श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिन्हा, अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से कहा कि भगवान चित्रगुप्त शिक्षा एवं साक्षरता के प्रतीक हैं। इसके अलावा अयोध्यापुरी, श्रीनगर, शास्त्री नगर, फतेहपुर, सलेमपुर, नई बस्ती महादेवा, आनंद नगर, शुक्ल टोली आदि मुहल्लों में पूजा की गई। जीरादेई प्रखंड क्षेत्र में चित्रगुप्त भगवान की पूजा धूमधाम से मनाई गई। विजयीपुर, विष्णुपुरा, मुइया, जीरादेई, संजलपुर, तितिरा, हसुआ, छोटका मांझा, नरेंद्रपुर, सकरा आदि गांवों में कायस्थ समाज द्वारा कलम दवात की पूजा की गई।



**साक्षरता के अग्रदूत थे भगवान चित्रगुप्त :** पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि चित्रगुप्त भगवान साक्षरता के अग्रदूत थे। कार्तिक शुक्ल की द्वितीया तिथि को कलम दवात की पूजा साक्षरता के लिए वरदान है। अगर इस परंपरा को किसी धर्म विशेष से जोड़कर ना देखा जाए तो लोगों को साक्षर करने का यह बेहतर माध्यम है। इसके अलावा मुड़ा, श्यामपुर, हुस्सेपुर नंद, शहरकोला, समरदह आदि गांवों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा हुई। हसनपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में समेत कई गांवों में चित्रगुप्त पूजा की गई। दारौंदा प्रखंड मुख्यालय सहित कोड़ारी कला, कोडारी खुर्द, कमसड़ा, दर्शनी, बगौरा, कोड़र, बाल बंगरा, हाथोपुर, रुकुंदीपुर, पांडेय, बालबंगरा, पांडेयपुर आदि गांवों में पूजा की गई। भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्रह्मस्थान, मोरा, कौड़िया, सारीपट्टी, बिठुना, सरेयां, चोरमा, उसरी आदि गांवों में चित्रगुप्त पूजा की गई। लकड़ी नबीगंज के लछुआ, किशुनपुरा, डुमरा, बसौली, गोरेयाकोठी के लाको टोला, शेखपुरा, जुम्मन छपरा, नौतन, ठाकुर के रामपुर, मुरारपट्टी, लछुआं, जगदीशपुर, नारायणपुर, बलुआ, आंदर प्रखंड के जयजोर, असांव, दरौली, दोन, बसंतपुर, रघुनाथपुर के पंजवार, जमनपुरा, मुरारपट्टी, टारी, हुसैनगंज के सुरापुर, चकरा, बड़रम, पचरुखी, मखनुपुर, तरवारा, कर्णपुरा में आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा की गई।

## बजड़ी खिलाकर बहनों ने की भाइयों के दीर्घायु व सुखमय जीवन की कामना

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को भैया दूज का पर्व भी उत्साह के साथ मनाया गया। माथे पर टीका लगाते हुए बहनों ने भाइयों की सलामती की दुआ मांगी। इसके बाद बहनों ने बजड़ी खिला भाई को ब्रज होने का आशीर्वाद दिया। मान्यता है कि जो भाई अपनी बहन के यहां बहन द्वारा बनाए गए भोजन करते हैं, वे हमेशा सुखमय होते हैं। यह परंपरा आज भी जीवित है। कई भाइयों द्वारा अपने बहन के यहां भोजन करना तथा बजड़ी के रूप में कच्चा चना, मटर एवं मिठाई खाने के लिए जाते हैं। भाई बहन के प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्योहार को जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। वहीं भाइयों ने भी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए।

**त्योहार के बिना अधूरा है दीपावली का पर्व :**

आचार्य पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि दीपावली के बाद भाई दूज के दिन ही यमराज ने अपनी बहन यमी के घर का रुख किया था, जहां पर यमराज की बहन यमी ने उनके माथे पर तिलक लगाकर उनकी सलामती के लिए दुआ मांगी थी। मान्यता है कि इस दिन जो भी भाई अपनी बहन से माथे पर तिलक लगवाता है, वह कभी भी नर्क में नहीं जाता। ऐसा माना जाता है कि दीपावली का पर्व इस त्योहार के बिना अधूरा है। वहीं एक अन्य दंत कथा के अनुसार भगवान कृष्ण ने नरकासुर का वध करने के बाद अपनी बहन सुभद्रा के घर का रुख किया था। वहां पर श्री कृष्ण की बहन सुभद्रा ने दिए जलाकर भाई का स्वागत किया था और तिलक लगाकर उसकी लंबी उम्र की दुआ मांगी थी। वर्तमान में भी यह प्रथा चली आ रही है।

## गोदाम का ताला तोड़कर नकद सहित लाखों की चोरी

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के मखदूम सराय मौली के बथान स्थित अर्जुन ट्रेडर्स के गोदाम का ताला तोड़कर शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने गोदाम से तेल, आटा, दाल सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। चोरी की सूचना गोदाम मालिक को रविवार की सुबह हुई। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस मामले में गोदाम मालिक सह मखदुम सराय निवासी नकुल कुमार साह ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में बताया कि मेरी दुकान का गोदाम मौली के बथान में स्थित है। रविवार की सुबह गोदाम के आसपास के लोगों द्वारा सूचना मिली कि गोदाम का ताला टूटा हुआ है। मैं अपने गोदाम पर आया तो देखा कि गोदाम का ताला टूटा हुआ है। वहीं गोदाम में रखे सामान गायब है। रिफाइन तेल, आटा दस बोरी, अरहर दाल पांच बोरी, चावल चार बोरी व नकद पांच हजार रुपया की चोरी कर ली गई है।

## मंडल कारा में बंद 21 महिला-पुरूष बंदी करेंगे छठ व्रत

**सिवान।** लोक आस्था का पर्व छठ की तैयारी चारों तरफ शुरू हो गई है, मंडल कारा के बंदी भी छठ पूजा की तैयारियों में लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार छठ व्रत करने वालों में बीस महिलाएं एवं एक पुरुष शामिल हैं। इसको लेकर जेल प्रशासन द्वारा छठ पूजा से संबंधित सभी तरह की आवश्यक संसाधन की व्यवस्था बंदियों के लिए की गई है। जेल प्रशासन द्वारा छठ व्रत करने वाले बंदियों को डाला, शिपलू, गन्ना, और फल आदि का भी व्यवस्था कराई गई है। वहीं महिला और पुरुष दोनों बंदियों के लिए अलग-अलग छोटे-छोटे दो पोखरे का निर्माण कराया गया है। मंडल कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि 21 बंदियों ने छठ पूजा करने की बात कही है । बीस महिलाएं एवं एक पुरुष बंदी नहाए खाए के साथ छठ पूजा के लिए छठ व्रत रखेंगे। इसके लिए जेल प्रशासन द्वारा सभी तरह की आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई है। अर्घ्य दिलाने के लिए पंडित की भी व्यवस्था की गई है ताकि छठ व्रतियों को अर्घ्य समय से दिलाया जा सके।

## सुबह में कोहरा के साथ गुलाबी ठंड ने दी दस्तक

**परवेज अख्तर/सिवान।** पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी के बीच अब मौसम का मिजाज फिर से बदलने लगा है। दिन में धूप और अल सुबह और रात में कोहरे के साथ ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है। वहीं अचानक मौसम में आए इस बदलाव से लोगों की मुश्किलें बढ़ने लगी है। रविवार को जिले में कोहरे के साथ लोगों को गुलाबी ठंड का सामना करना पड़ा। हालांकि कोहरे का प्रकोप कम रहा। मौसम में अचानक आए इस बदलाव के बीच तापमान में हो रहे उतार-चढ़ाव लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। दिन में धूप के साथ उमस भरी गर्मी तो रात में हल्की ठंड महसूस हो रही है। बदलते मौसम की मार से लोग हलकान हैं। गर्मी और ठंड का असर लोगों के शरीर पर भारी पड़ रहा है। मौसम में हो रहे बदलाव से जिले में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। तापमान का यह अंतर सेहत के लिए नुकसान दायक साबित हो रहा है। लोग वायरल बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में इन दिनों वायरल मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। ज्यादातर लोग सर्दी खासी, जुकाम, बुखार, सिर दर्द आदि के शिकार हो रहे हैं। सदर अस्पताल सहित निजी अस्पतालों की ओपीडी ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है।

## नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मैरवा (सिवान)।** नगर पंचायत ने शनिवार को मैरवा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वोकल फार लोकल मेला, स्ट्रीट फूड जोन और अपशिष्ट कला स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय के प्रधानाचार्य और छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही साथ वोकल फार लोकल सामग्रियों की खरीदारी भी की गई और उसे बढ़ावा देने के लिए प्रेरित भी किया गया। हस्तकला स्टाल से बनी कलाकृतियों को लोगों ने अपने घर को सजाने के लिए खरीदा। वहीं स्ट्रीट फूड जोन में शामिल स्टाल से लोगों ने खरीदारी की। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि के मुख्य पार्षद किसमती देवी, उपमुख्य पार्षद, प्रखंड विकास पदाधिकारी धनंजय कुमार, आराध्या चित्रकला सिवान के कलाकार, पूर्व वार्ड पार्षद कैसर इमाम, अभिमन्यु गुप्ता, धनंजय कुमार, शैलेश सिंह, मनोज कुमार, राघवेंद्र कुमार खरवार, युवा चित्रकार रजनीश कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी, शनवाज इमाम, शुभम, रंजीत, चंदन राज, उपेंद्र कुमार, श्रेयांश समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पुनीता ने प्रधान शिक्षक में पाई है 1554 अंक

**परवेज अख्तर/सिवान।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रधान शिक्षक परीक्षा में जिले के शिक्षकों ने बाजी मारी है। वहीं इस परीक्षा में तितरा पंचायत निवासी डा. विनय सिंह की पुत्रवधू पुनीता सिंह ने सामान्य कोटि में 1554 अंक प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता पर परिवार सहित क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पति चिकित्सा पदाधिकारी डा.संजय कुमार सिंह को दी है। वहीं पूर्व मुखिया रामेश्वर राय, पैक्स अध्यक्ष पिंकू राय, राकेश सिंह, संतोष सिंह, समाजसेवी रणजीत सिंह ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# युवक की हत्या मामले में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी, तीन को जेल

**आंदर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के कटवार गांव में एक नवंबर की रात एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक कटवार निवासी नितेश कुमार यादव के भाई नीतेश कुमार यादव ने शनिवार की शाम असांव थाना में आवेदन देकर छह लोगों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में गांव के ही सुगन यादव, केशव यादव, निखिल यादव, राजनाथ यादव, मनमोहन यादव, नितेश यादव समेत छह लोगों को आरोपित किया है। उसने आरोप लगाया है कि गांव में ही नवयुवक हर साल की भांति इस साल में दीपावली पर्व के अवसर पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा रखकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। मेरा भाई पूजा में शामिल होने गया था। पूजा संपन्न होने के बाद वह घर लौट रहा था तभी उक्त लोगों ने उन्हें घेरकर मारपीट घायल कर दिया। भाई को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि छापेमारी कर शनिवार को केशव यादव, राजनाथ यादव एवं नितेश यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## आपसी विवाद में मारपीट कर महिला एवं एक अन्य को किया जख्मी

**मढ़ौरा(सारण)।** नगर क्षेत्र के पकहा में आपसी विवाद को लेकर एक महिला और उसके भाई को मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना को लेकर पकहा निवासी बृज किशोर सिंह की पत्नी 24 वर्षीय पुष्पा देवी ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिक में कहा है कि वह रविवार की सुबह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी उसी गांव के प्रभात कुमार सिंह उसके पास पहुंचकर जबरदस्ती का प्रयास करने लगे। उसके चिल्लाने पर संतोष कुमार, ब्रजकिशोर सिंह, भोला सिंह, आरती देवी पहुंच गए और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने फैट, मुक्का, लाठी, डंडा से मारपीट किया जिसमें उसे काफी चोट लगी। संतोष सिंह और आरती देवी ने उसे की किराशन तेल छिड़क कर जलने का भी प्रयास किया। जब उसका भाई अंगद कुमार उसे बचाने पहुंचा तो सभी आरोपियों ने मिलकर उसके साथ भी मारपीट किया जिसमें वह जख्मी हो गया। बाद में आसपास के लोगों ने पहुंच कर झगड़ा को सुलझाया और उन्हे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मढ़ौरा लेकर आए।

## सिवान : हर युवाओं को मनीष बनने कि जरुरत- नागेंद्र सिंह



**परवेज अख्तर/सिवान।** दारोगा बनकर कर प्रथम बार गाँव आगमन पर मनीष कुमार का मुखिया नागेंद्र कुमार सिंह और ग्रमीणों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया । भरौली निवासी गोराचंद्र प्रकाश के पुत्र मनीष कुमार डीईएसओ में 205 रैंक हासील किये है रविवार को मनिपुर से सीवान रेलवे स्टेशन जैसे मनीष कुमार पहुँचे तो ग्रामीण उनके स्वागत में फूल माला लेकर खड़े थे जैसी ही वह सीवान रेलवे स्टेशन पर पहुँचे ग्रमीणों द्वारा उनको फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। तथा उनको गाड़ी में बैठाकर काफिले के साथ ग्रामीणों जुलुस के रूप में गाँव भरौली पहुँचे जहाँ पर भरौली पंचायत के वर्तमान मुखिया नागेंद्र कुमार सिंह ने भी माला और मिठाई खिलाकर कर उनका स्वागत किया। मनीष कुमार ने ग्रामीणों के इस प्रेम-स्नेह देखकर उनके आँखों में आंसू आ गए उन्होंने कहा कि ग्रमीणों तथा मुखिया जी द्वारा दिया गया इतना सम्मान को मैं सदा जीवन आभारी रहूँगा उन्होंने गाँव को युवाओ को पढाई के प्रति उत्साह पढ़ाया तो वही नागेंद्र सिंह द्वारा कहा गया कि अगर पंचायत में कोई भी लड़का हुनहार है अगर उसका पढाई में कोई बाधा आ रहा है तो उस बाधा को हमसे बताये मेरे द्वारा हर संभव प्रयाश किया जायेगा उस बाधा को दूर करने के लिए साथ ही पढाई में हर विधार्थी को आर्थिक रूप से भी मदद किया जायेगा। अगर पंचायत के सभी युवा पढ़-लिखकर मनीष के तरह बन जायेंगे तो हमारा पंचायत स्वतः विकास कर जायेगा। साथ ही हमारे पंचायत के मान-सम्मान प्रदेश स्तर पर होगा मोके पर वीरेंद्र सिंह, राजन कुमार, राजकूमार, विशू साह, बाबू पटेल, रोहित गोड़, नंदन बैठा, सुनील यादव, सूरज साह सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## तीन सौ लीटर अर्द्धनिर्मित शराब किया गया विनिष्ट

**सिवान।** जीबी नगर पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के पचरहटा गांव में शराब को लेकर छापेमारी की गई। हालांकि शराब तस्कर भागने में सफल रहे, जहां पुलिस ने गांव स्थित चंवर में तीन सौ लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को विनिष्ट किया गया। वहीं पुलिस तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## बाइक से गिरकर मां-पुत्र घायल

**सिवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर ढाला स्थित ओवर ब्रिज पर रविवार की दोपहर बाइक से गिरकर मां-पुत्र घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज हुआ। घायलों की पहचान मैरवा निवासी सुधा देवी व पुत्र राजा कुमार के रूप में हुई। घायल सुधा देवी के पति रंजन साह ने बताया कि मैं बाइक से अपनी पत्नी व पुत्र के साथ महाराजगंज ससुराल जा रहे थे। तभी ओवर ब्रिज पर बाइक से पुत्र व पत्नी गिरकर घायल हो गए।

## भूमि विवाद में मारपीट, चार घायल

**सिवान।** गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के पुरंदरपुर गांव में भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शत्रुघ्न तिवारी, गुड़िया कुमारी व आशा देवी शामिल हैं, जबकि दूसरे पक्ष से बेचू तिवारी घायल हैं। घटना के संबंध में बेचू तिवारी ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर सुबह मारपीट हुई थी। इसमें मैं घायल हो गया। वहीं दूसरे पक्ष के शत्रुघ्न तिवारी ने बताया कि बेचू तिवारी का परिवार मेड़ काट रहा था और मेरे भूमि में पौधा लगा रहे थे। उसका हमलोगों ने विरोध किया तो एक साजिश के तहत उन लोगों ने मारपीट कर हम लोगों को घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया और सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।

## सीओ ने किया 20 मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/आंदर (सिवान)।** सीओ नीलम कुमार ने रविवार को दरौली विधानसभा क्षेत्र के आंदर प्रखंड के बरवां, सोनकरा, असांव, पतेजी, भिटौली समेत अन्य गांवों में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सीओ ने बताया कि मतदान केंद्र संख्या 241, 242, 243, 245, 288, 289, 294, 295, 296, 297, 298, 299, 300, 301, 302, 303, समेत आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान संबंधित बीएलओ को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ द्वारा मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृतक का नाम हटाने या संशोधित करने समेत आदि कार्य किया गया। इस मौके पर आदित्य कुमार, राजीव कुमार, धर्मेंद्र यादव, रामजी यादव, राम प्रसाद सिंह, साहेब सिंह विजेता, अभिषेक सिंह समेत दर्जनों बीएलओ उपस्थित थे।

## सावना शिव मंदिर स्थित छठ घाट पर उपजे जंगल से छठव्रती को होगी परेशानी

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया (सिवान)।** लोक आस्था का महापर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है श्रद्धालुओं में तैयारी में तेजी आ रही है, वहीं पदाधिकारी भी विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दे रहे हैं, वहीं पडरौना खुर्द पंचायत के सावना गांव स्थित शिव मंदिर के समीप पोखरा स्थित छठ घाट पर जंगल-झाड़ उगे हुए हैं। इस पर किसी जनप्रतिनिधि या पदाधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है। इस कारण छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में परेशानी हो सकती है। छठ घाटों पर खर पतवार उगा हुआ है तथा छठ घाट भी जगह-जगह टूटे हुए हैं जिसकी शीघ्र साफ-सफाई की आवश्यकता है। तालाब में अधिक पानी हैं। इस कारण यहां बैरिकेडिंग व रोशनी की भी जरूरत है। इस संबंध में बीडीओ संदीप कुमार ने बताया कि इस छठ घाट की साफ-सफाई कराई जाएगी तथा छठ व्रतियों की सुविधा का ख्याल रखा जाएगा।

## डा.सिकू को आचार्य चरक चिकित्सा सम्मान से नवाजे जाने पर खुशी

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** अनुमंडल मुख्यालय के डा.मृत्युंजय राज सिकू को पटना स्थित मौर्या होटल में शनिवार का आयोजित कार्यक्रम में आचार्य चरक चिकित्सा सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान बिहार मेडिकल सम्मिट में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय व बिहार स्टेट प्लानिंग बोर्ड के एडवाइजर विकास वैभव ने दिया है। डा.सिकू को यह सम्मान जिले में बेस्ट डायग्नोस्टिक सेंटर के माध्यम से चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर सेवा देने के लिए मिला है। डा.सिकु को इस सम्मान के मिलने पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, डा. त्रिपुरारी शरण, अजय कुमार, डा. मनोहर सौरभ, भाजपा नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह व संजय सिंह राजपूत आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## सांसद देंगे छठव्रतियों नए छठ घाट की सौगात

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल इस छठ पूजा के अवसर पर छठव्रतियों को नए छठघाट की सौगात देने जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि वे मंगलवार को नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक के सिहौता में, बलऊं पंचायत के लेरुआ में, सिकटिया पंचायत के सिकटिया व तेवथा पंचायत के सिकंदरपुर में क्षेत्र विकास योजना से नवनिर्मित छठघाट का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छठ घाट के उद्घाटन से छठव्रतियों की परेशानी कुछ हद तक दूर हो जाएगी। छठ घाट के बन जाने से विभिन्न गांवों के छठव्रतियों को भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर पूजा करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विकास व शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर वचनबद्ध है। वहीं नगर पंचायत की ओर से छठ घाटों की साफ सफाई कराई जा रही है जिससे छठघाट चकाचक नजर आने लगे हैं। नगर पंचायत की मुख्य पार्षद शारदा देवी ने बताया कि छठ के पूर्व सभी छठ घाटों को सुंदर व व्यवस्थित करा दिया जाएगा। प्रखंड के छठ घाटों की सफाई कराने में समाजसेवी सह भाजपा नेता आशीष रंजन सिंह आगे आए हैं।

## विधायक ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** विधायक विजय शंकर दुबे ने रविवार को स्थानीय प्रशासन के साथ क्षेत्र के कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने धमई नदी तट पर अवस्थित छठ घाट, रामपुर कोठी, भगवानपुर, सारीपट्टी सहित अन्य कई घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने उपस्थित बीडीओ कुमार विशाल, सीओ धीरज कुमार पांडेय तथा थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी को कई आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि छठ पूजा आस्था का पर्व है। इसे सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं।

## चिकित्सक के निधन पर शोक

दैनिक खोज खबर/सिवान। बसंतपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामाजिक कार्यकर्ता डा.शैलेश कुमार का आकस्मिक निधन गत दिनों हो गया था। उनके निधन की सूचना पर क्षेत्र में प्रबुद्धजनों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। श्रद्धांजलि देने वालों में बसंतपुर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद अमित कुमार, गोरेयाकोठी के पूर्व विधायक सत्यदेव प्रसाद सिंह, पूर्वी चंपारण के जदयू उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह उर्फ चुन्नू बाबू, लकड़ी नबीगंज के जिला पार्षद रमेश सिंह, जगतपुर पंचायत के मुखिया हरेंद्र सिंह, भाई राजकुमार सिंह आदि ने शामिल थे।